तकनीकी मंदी में यूनाइटेड किंगडम की अर्थव्यवस्था

स्रोत:बिज़िनेस स्टैण्डर्ड

यूनाइटेड किंगडम की अर्थव्यवस्था वर्ष 2023 के अंत में **तकनीकी मंदी** में प्रवेश कर गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने बताया कि यूके का सकल घरेलू उत्पाद (GDP) 2023 के अंतिम तीन महीनों में **0.3%** और तीसरी तिमाही में 0.1% **कम हो गया**।

- **नेशनल ब्यूरो ऑफ इकोनॉमिक रिसर्च** (एक अमेरिकी एनजीओ) मंदी को "पूरी **अर्थव्यवस्था में फैली आर्थिक गतिविधियों में एक महत्त्वपूर्ण गिरावट**, जो कुछ महीनों से अधिक समय तक चलती है, जो सामान्य रूप से **उत्पादन, रोज़गार, वास्तविक आय और अन्य संकेतकों में दिखाई देती है" के रूप में परिभाषित करती है**।
    - गिरावट की बहुत छोटी अवधि को मंदी नहीं माना जाता है।
- **मंदी** तब होती है, जब **आर्थिक गतिविधि में निरंतर गिरावट** बनी रहती है, जबकि **तकनीकी मंदी** में विशेष रूप से जीडीपी में **लगातार दो तिमाहियों में गिरावट आती है**।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/united-kingdom-economy-in-technical-recession